शुक्रवार
04 अगस्त, 2023
डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



व्यवसायी व सीएसपी संचालक से अपराधियों ने लूटे पांच लाख

3



विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मे मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर

मोबाईल नम्बर - 9122950441



मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा

## ज्ञानवापी सर्वे मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** ज्ञानवापी सर्वे पर इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ मुस्लिम पक्ष अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद समिति गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंची। वकील निजाम पाशा ने एएसआई के सर्वे को रोकने की मांग चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के सामने रखी। उन्होंने कहा कि हमने तत्काल विचार के लिए ईमेल भी भेजा है। जिसपर चीफ जस्टिस ने कहा कि वह इस पर विचार करके जल्द आदेश देंगे। वहीं, दूसरी तरफ हिंदू पक्ष की तरफ से याचिकाकर्ता राखी सिंह ने इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल किया है। निचली अदालत की याचिकाकर्ता राखी सिंह ने पक्ष सुने बिना मुस्लिम पक्ष की अपील पर कोई आदेश न देने की मांग की है। गुरुवार को ही इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर के ASI सर्वे को सही ठहराया। ज्ञानवापी के ASI सर्वे पर हाईकोर्ट के आदेश के मद्देनजर यह जानकारी अहम है कि शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में मुस्लिम पक्ष की एक याचिका सुनवाई के लिए लगी है। यह वह याचिका है जिसमें हिंदू श्रद्धालु महिलाओं के आवेदन को सुनवाई योग्य ठहराने का विरोध किया गया है। ऐसे में शुक्रवार को भी हाई कोर्ट के नए आदेश का मसला भी उठ सकता है।

### गृहमंत्री अमित शाह बोले... सदन को कानून पारित करने की शक्ति

# लोकसभा में दिल्ली सेवा बिल पास

# आप सांसद रिंकू पूरे सत्र से निलंबित

♦ वोटिंग के दौरान विपक्षी सांसदों ने सदन से किया वॉकआउट, आप सांसद ने कागज फाड़कर फेंका

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली सेवा बिल लोकसभा में ध्वनिमत से पास हो गया। वोटिंग के दौरान विपक्षी सांसदों ने सदन से वॉकआउट किया। वोटिंग के दौरान जब स्पीकर ओम बिरला बोल रहे थे तब आप सांसद सुशील कुमार रिंकू ने सत्ता पक्ष के सांसदों पर कागज फाड़कर फेंका। इसके लिए सुशील कुमार रिंकू को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। बिल को लेकर विपक्ष के विरोध पर सदन में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत के संविधान ने सदन को दिल्ली राज्य के संबंध में कोई भी कानून पारित करने की शक्ति दी है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने साफ कर दिया कि दिल्ली राज्य को लेकर संसद कोई भी कानून ला सकती है। अमित शाह ने आगे कहा कि पं. जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, राजाजी, राजेंद्र प्रसाद और डॉ. बी.आर. अंबेडकर भी दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने के विरोध में थे।



### ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार एलजी के हाथ में

अध्यादेश के अंतर्गत उपराज्यपाल (एलजी ) को दिल्ली के अधिकारियों के स्थानांतरण और पदस्थापना पर अंतिम अधिकार प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई को कहा था कि दिल्ली सरकार के नौकरशाहों के स्थानांतरण और पदस्थापना सहित सेवाओं पर नियंत्रण दिल्ली की केजरीवाल सरकार के पास है। इसको पलटते हुए केंद्र सरकार ने 19 मई को दिल्ली सरकार अध्यादेश, 2023 लागू किया था। इस अध्यादेश की जगह ही विधेयक ले रहा है।

### दिल्ली के लोगों को गुलाम बनाने वाला बिल : केजरीवाल

अध्यादेश पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी और पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। सीएम केजरीवाल ने ट्वीट करते हुए कहा कि हर बार बीजेपी ने वादा किया कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देंगे। 2014 में पीएम मोदी ने खुद कहा कि प्रधानमंत्री बनने पर दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देंगे। लेकिन आज इन लोगों ने दिल्ली वालों की पीठ में छुरा घोंप दिया। आगे से उनकी किसी बात पर विश्वास मत करना। इससे पहले मुख्यमंत्री केजरीवाल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को निशाने पर लिया था। उन्होंने कहा, अमित शाह के पास बिल का समर्थन करने के लिये वाजिब तर्क नहीं है। वो भी जानते हैं वो गलत कर रहे हैं। ये बिल दिल्ली के लोगों को गुलाम बनाने वाला बिल है। उन्हें बेबस और लाचार बनाने वाला बिल है।

## समय से पहले कराए जा सकते हैं लोकसभा चुनाव: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने देश में अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर अनुमान लगाया है। पार्टी के कुछ नेताओं का कहना है कि लोकसभा चुनाव समय से पहले कराए जा सकते हैं। उनका मानना है कि इस साल के आखिरी में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद कभी भी आम चुनाव हो सकता है। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस समेत 26 विपक्षी दलों ने बीजेपी को कड़ी टक्कर देने के लिए इंडिया गठबंधन बनाया है। वहीं, इंडिया गठबंधन का मानना है कि आने वाला चुनाव लोकतंत्र और तानाशाही के बीच की लड़ाई है। हालांकि विपक्ष की गठबंधन में अभी तक कोई सीट शेयरिंग फॉमूर्ला की घोषणा नहीं की गई है जो कि इस एकजुट विपक्ष के लिए बड़ी चुनौती है।

कांग्रेस लोकसभा के चुनाव में जल्दबाजी होने की बात को ध्यान में रखकर चुनावी समीकरण के साथ लोकसभा सीटों के लिए ऑब्जर्वर नियुक्त करना शुरू कर दिया है। इस पर कांग्रेस प्रवक्ता रविन्द्र चौबे का कहना है कि मोदी सरकार समय से पहले चुनाव करवा सकती है उनकी तैयारियों से पता चल रहा है।

## विदेश में मौत के बाद डेडबॉडी को भारत लाना होगा आसान

### भारत सरकार ने लांच किया ई-केयर पोर्टल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने विदेशों में रह रहे भारतीयों के लिए एक मददगार पहल की है। इसके अनुसार विदेश में किसी भारतीय नागरिक की मौत के बाद उसकी बॉडी को भारत लाने के लिए परिजनों को अब परेशान नहीं होना पड़ेगा। मंत्रालय ने गुरुवार को ई-केयर पोर्टल लॉन्च किया। इसके लिए विदेश में मृत व्यक्ति के परिजनों को सिर्फ एक आवेदन करना होगा। आवेदन को मंजूरी दिलाने और विदेश से डेड बॉडी लाने की प्रक्रिया फास्ट ट्रैक तरीके से निपटाई जाएगी।

अभी किसी भारतीय की विदेश में मौत हो जाए तो डेड बॉडी लाने के लिए परिवार को लंबा प्रोसेस फॉलो करना पड़ता था। इसमें कभी-कभी तो एक सप्ताह या उससे ज्यादा दिन का समय भी लग जाता था। यदि मौत असामान्य परिस्थितियों में हुई है तो समय सीमा और भी बढ़ जाती थी। कई बार तो भारतीय विदेश मंत्रालय को भी हस्तक्षेप करना पड़ता है। इसीलिए पिछले कई दिनों से विदेश से भारतीय नागरिकों का शव लाए जाने की प्रक्रिया को आसान किए जाने की मांग की जा रही थी।

### क्या है ओपन ई केयर

ओपन ई केयर प्लेटफॉर्म को सभी एयरलाइंस कंपनियों ने मिलकर तैयार किया है। अब से यह तय करेगा कि यदि किसी भारतीय नागरिक की विदेश में मौत होती है तो डेड बॉडी को जल्द से जल्द भारत लाया जा सके। इसके लिए बस मरने वाले व्यक्ति के परिवार के किसी सदस्य को आवेदन करना होगा। जरूरी दस्तावेजों और आवेदन की जांच के बाद, शव लाने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द निपटाया जा सकेगा। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि विदेशों में भारतीय लोगों के पार्थिव शरीर को स्वदेश लाने के दौरान होने वाली देरी से बचने के लिए यह पोर्टल लाया गया है। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल से केंद्रीय अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रभाग, नोडल अधिकारी, प्रेषिती तथा विमानन कंपनियों को ईमेल, एसएमएस और व्हाट्सएप के जरिये सूचना मिल जायेगी। नामित नोडल अधिकारी इसकी जांच करेंगे और 48 घंटे के भीतर स्वीकृति दिलाएगा। आवेदन की स्थिति पंजीकृत नंबर के जरिये ई-केयर पोर्टल पर देखी जा सकेगी।

जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली जल-जीवन हरियाली



सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को आरके इंडस्ट्रीज की तरफ से हार्दिक बधाई

RKI

A Unit of SRCIL | 147/1030 Civil Lines
Oppo- ICICI Bank, Near Circuit House Chowraha , Bareilly 243001 (UP)

Working under Government of Bihar

North Bihar power Distribution Company Ltd.-Bihar

Chief Minister Agricultural Electricity Related Scheme Begusarai Cricle

RKI Industry (Under BREDA) Bihar

Grid Connected Rooftop Solar Power Plant Samstipur

Team
R. K. INDUSTRIES INDIA LIMITED

# विकास कार्यों के लिए बिहार सरकार ने एडीबी से मांगा 5153 करोड़ का लोन

**एजेंसी/पटना**

नीतीश सरकार ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से 5,153 करोड़ रुपये का ऋण मांगा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार की महागठबंधन सरकार राज्य में ढांचागत विकास की विभिन्न परियोजनाओं को साकार करने के लिए वित्तपोषण की पहल कर रही है। इसी के लिए लिए एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से 5,153 करोड़ रुपये का ऋण मांगा है। इससे राज्य के विभिन्न जिलों में नौ सड़कों और एक पुल के निर्माण को अंतिम रूप देने की योजना है।




एडीबी के कार्यकारी निदेशक समीर कुमार खरे के नेतृत्व में एडीबी का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बिहार में एडीबी प्रायोजित परियोजनाओं पर चर्चा करने के लिए मुख्य सचिव आमिर सुबहानी से मुलाकात की है। इसमें बिहार में चल रही परियोजनाओं की समीक्षा के अलावा, सड़क और पुल परियोजनाओं और शहरी विकास और आवास, और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभागों के प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। मुख्य सचिव कार्यालय के अनुसार बिहार में चल रही एडीबी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई है। एडीबी टीम बिहार में परियोजनाओं की प्रगति से संतुष्ट थी। साथ ही एडीबी की सहायता से नई विकास परियोजनाएं शुरू करने पर भी चर्चा की गई।

## नौ सड़कों और एक पुल निर्माण का होगा कार्य

दरअसल, सड़कों और पुल परियोजनाओं के प्रस्ताव बिहार राज्य राजमार्ग परियोजना के चरण-IV का हिस्सा हैं। एडीबी राज्य राजमार्ग परियोजनाओं के तहत आर्थिक विस्तार और गरीबी में कमी का समर्थन करने के लिए राज्य राजमार्ग नेटवर्क के उन्नयन और विस्तार के लिए ऋण के माध्यम से बिहार की मदद कर रहा है। बिहार राज्य सड़क परियोजना- III दिसंबर 2018 से शुरू हुई और जून 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अब अगले चरण के लिए बिहार राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड (बीएसआरडीसीएल) ने 5,153 करोड़ रुपये के अनुमानित परिव्यय का उपयोग करके बिहार राज्य राजमार्ग परियोजना के चरण-IV के तहत नौ सड़कों और एक पुल को निष्पादित करने का प्रस्ताव दिया है। कहा जा रहा है कि बीएसआरडीसीएल ने इस आशय का एक प्रस्ताव एडीबी को सौंप दिया है। इसी को लेकर पहले दौर की चर्चा के तहत मुख्य सचिव की मौजूदगी में बैठक में प्रस्तावों पर प्रेजेंटेशन दिया गया. इसमें यह भी तय किया गया कि सभी परियोजनाओं के लिए डीपीआर सितंबर तक तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके बाद अक्टूबर में एडीबी की एक तथ्य-खोज टीम का दौरा होगा। बीएसआरडीसीएल के अनुसार एडीबी प्रस्तावित सड़कों और पुल के स्थलों का निरीक्षण करेगा। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो इन परियोजनाओं के लिए एडीबी और भारत सरकार के बीच ऋण वार्ता अगले साल मार्च में हो सकती है। परियोजनाओं में मुजफ्फरपुर जिले में बागमती नदी पर एक उच्च स्तरीय पुल का निर्माण शामिल है। साथ ही एडीबी ने पहले ही पटना जिले में गंगा पर महत्वाकांक्षी कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन पुल को वित्त पोषित कर दिया है।

## बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को मिला दंड

**पटना।** सृजन घोटाले में मिलीभगत को लेकर बिहार प्रशासनिक सेवा के एक अधिकारी को सरकार ने दंड दिया है। सीबीआई की जांच रिपोर्ट में भी अधिकारी को दोषी बताया गया था और अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी। इस आलोक में भागलपुर के तत्कालीन उप समाहर्ता दीवान जाफर हुसैन खान के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आरोपी अधिकारी दीवान जाफर हुसैन खान को आरोप वर्ष 2014-15 में निंदन की सजा दी है। साथ ही असंचयात्मक प्रभाव से 3 वेतन वृद्धि पर रोक लगाया है।

## सीएम नीतीश कुमार शिक्षक संघ के साथ कल करेंगे बैठक

**पटना।** शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर बिहार सरकार से चल रही तकरार के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षक संघों के साथ पांच अगस्त को बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री आवास में शाम 4 बजे से बैठक होगी। इसमें सीएम नीतीश कुमार के साथ राज्य के विभिन्न शिक्षक संघ के नेताओं को बुलाया गया है। साथ ही राज्य की सत्ताधारी महागठबंधन के तमाम दलों के नेताओं को भी इस बैठक में बुलाया गया है। इसमें शिक्षक संघों की विभिन्न मांगों पर सीएम नीतीश उनसे चर्चा करेंगे और उसके समाधान तलाशने का रास्ता निकाला जा सकता है।

बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव शत्रुघ्न सिंह ने पहले ही कहा है कि सरकार जब तक पूर्व से सेवारत शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा नहीं देती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। हम सड़कों पर संघर्ष करेंगे और हमारे हित चाहने वाले विधायक-विधान पार्षद सदन में लड़ाई लड़ेंगे। दरअसल, बिहार में 1 लाख 70 हजार शिक्षकों की बहाली होनी है। इसके लिए उन्हें बीपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा देनी है। इसका राज्य के मौजूदा शिक्षक विरोध कर रहे हैं। वहीं नीतीश सरकार ने राज्य में नई डोमिसाइल नीति लागू की है। यानी अब बिहार के बाहर के लोग भी शिक्षक बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसका विरोध हो रहा है।

### अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन बनाए जाएंगे विश्वस्तरीय

# 1005 करोड़ रुपए खर्च से बिहार के 12 स्टेशनों का होगा कायाकल्प

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह अगस्त को दिल्ली से करेंगे ऑनलाइन शिलान्यास

**केटी न्यूज/पटना**

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत समस्तीपुर रेलवे मंडल के समस्तीपुर, दरभंगा समेत 12 स्टेशनों का कायाकल्प होगा। इन स्टेशनों को विश्वस्तरीय बनाया जाएगा जिसपर लगभग 1005 (एक हजार पांच) करोड़ रुपए खर्च किए जायेंगे। प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी इन स्टेशनों के कायाकल्प योजना का 6 अगस्त को दिल्ली से ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। इसको लेकर मंडल प्रशासन के द्वारा जोर शोर से तैयारी चल रही है। तैयारी का नेतृत्व डीआरएम विनय श्रीवास्तव कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत स्टेशनों पर अलग-अलग राशि खर्च की जाएगी। डीआरएम ने बताया कि पीएम के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि अब यह सारे स्टेशन हवाई अड्डा की तरह दिखने लगेंगे। डीआरएम ने कहा कि इन स्टेशनों पर अगामी 45 सालों के विकास एवं यात्रियों की संख्या वृद्धि को ध्यान में रख कर योजना बनाई गई है, जिस पर कार्य किया जाएगा।




**समस्तीपुर मंडल से जुड़े इन स्टेशनों का होगा विकास**

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेल मंत्रालय ने समस्तीपुर स्टेशन के विकास के लिए 24.1 करोड़, दरभंगा 340 करोड़, सीतामढ़ी 242 करोड़, बापूधाम मोतिहारी 205 करोड़, सहरसा 41 करोड़, नरकटियागंज 29.3 करोड़, सुगौली 23.3 करोड़, सलौना 22.3 करोड़, बनमंखी 21.5 करोड़, मधुबनी 20 करोड़, सकरी 18.9 करोड़ और जयनगर स्टेशन के लिए 17.5 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम के लिए मंडल के चयनित इन स्टेशनों पर युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रहीं हैं।

**समस्तीपुर जंक्शन अब होगा पांच मंजिल:** रेलवे विभाग के अनुसार समस्तीपुर का पुराना भवन अब पांच मंजिला भवन में तब्दील होगा। हर वाहन के लिए अलग-अलग प्रवेश की व्यवस्थाएं होंगी। टैक्सी अथवा निजी वाहनों से आने वाले यात्री एलीवेटेड रोड से सीधा दूसरी मंजिल तक पहुंच सकेंगे। स्टेशन का हर कोना सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा। जगह-जगह इनफॉर्मेशन डिस्प्ले और आधुनिक एनाउंसमेंट सिस्टम लगेगा।

**यात्री सीधा प्लेटफॉर्म पर उतर जाएंगे:** इस योजना के तहत समस्तीपुर और दरभंगा में वर्तमान फुट ओवरब्रिज की जगह 120 फीट चौड़ा डिपार्चर कॉन्कोर्स बनाया जाएगा, ताकि टिकट और सिक्युरिटी जांच के बाद यात्री सीधा प्लेटफार्म पर जाने के बदले यहीं बैठकर ट्रेन का इंतजार करेंगे। पैदल और दोपहिया या ऑटो से आनेवालों को नीचे के रास्ते से जाना होगा। वहां से वह सीढ़ी, लिफ्ट व एस्कलेटर के जरिए डिपार्चर कॉन्कोर्स में जा सकेंगे। चार पहिया वाहन से आने वाले यात्री सीधे दूसरी मंजिल के लेवल पर ड्रॉप ऑफ जोन में उतरकर वहीं ऊपर के रास्ते से ही स्टेशन में प्रवेश कर सकेंगे। ट्रेन की घोषणा होने पर सीधे प्लेटफॉर्म पर उतर जाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा जाति आधारित सर्वे का मामला

**पटना।** बिहार के जाति आधारित सर्वे का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है। सुप्रीम कोर्ट में पटना हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है। नालंदा के रहने वाले अखिलेश कुमार ने वकील बरुन सिन्हा के जरिये इस मामले में गुरुवार को याचिका दाखिल की। पटना हाई कोर्ट ने जाति आधारित सर्वे को सही ठहराया था। मंगलवार को पटना हाई कोर्ट ने बिहार सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि यह पूरी तरह से वैध है और राज्य सरकार के पास इसे कराने का अधिकार है।

मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन और जस्टिस पार्थ सारथी की खंडपीठ ने जातीय गणना को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया था। जाति आधारित सर्वे का आदेश पिछले साल दिया गया था और इसे इस साल के शुरू में शुरू किया गया था। बेंच ने इस बाबत सात जुलाई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। उसने अपने 101 पन्नों के फैसले में कहा, हम पाते हैं कि राज्य का कदम पूरी तरह से वैध है और वह इसे कराने में सक्षम है। इसका मकसद (लोगों को) न्याय के साथ विकास प्रदान करना है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद एक बार फिर से बिहार के विभिन्न जिलों में सर्वे का कार्य शुरू हो गया है।

## जदयू पहले बिहार में अकेले जीते फिर यूपी की सोचे: विजय सिन्हा

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का उत्तर प्रदेश के फूलपुर से चुनाव लड़ने की अटकलों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा है कि 26 दलों के विपक्षी गठबंधन को भ्रमित करने की योजना का यह हिस्सा है। सिन्हा ने कहा कि देश के लोगों ने देखा है कि किस प्रकार विपक्षी गठबंधन के सूत्रधार बने नीतीश कुमार को बेंगलुरु की दूसरी बैठक में ही कांग्रेस पार्टी ने किनारा कर दिया और इन्हें कोई महत्व नहीं दिया। पटना से बेंगलुरु तक की दूसरी बैठक में इन्हें संयोजक बनाने की चर्चा हो रही थी परंतु वह नहीं हुआ। अब जदयू द्वारा इनकी हैसियत और महत्व बढ़ाने के लिए यह प्रचार किया जा रहा है।

सिन्हा ने कहा कि वर्ष 2022 के यूपी चुनाव में एक-आध जगह को छोडकर बाकी जगह जनता दल युनाईटेड की सभी सीटों पर जमानत जब्त हुई थी। यदि यूपी की जनता इनको इतना चाहती थी तो धनंजय सिंह के जैसे बाहुबली नेता क्यों चुनाव हार गये। जाति के आधार पर जदयू यूपी में प्रवेश करना चाहती है। पर इन्हें पता होना चाहिये कि इनकी जाति भी बढचढ कर यूपी में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे भाजपा को ही वोट देती है।



सिन्हा ने कहा कि बिहार में अकेले दम पर चुनाव नहीं जीतने वाली पार्टी जदयू ख्याली पुलाव पका रही है। चुनाव जीतने के लिये इनको कभी भाजपा तो कभी राजद का ही सहारा चाहिये। सिद्धांत की तिलांजलि देकर जदयू एवं इनके नेता आज अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने के संकट में है।

सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री पद प्राप्त करने के लिये बैचेन राजद के लिये यह झुठा प्रचार मरहम एवं आशा के रुप में प्राप्त किया जा रहा है। अंदर से परेशान जदयू इसी प्रचार में लग गयी है कि लोकसभा चुनाव के बाद नीतीश कुमार तेजस्वी यादव को गद्दी सौप देंगे। लेकिन भाजपा के सभी कार्यकर्त्ता जानते हैं कि ये बिहार से भी लोक सभा का चुनाव नहीं लड़ने वाले है। 18 वर्षो से विधान परिषद का सदस्य रहकर पिछले दरवाजे से शासन करना इनकी आदत हो गयी है। लोकसभा चुनाव में बिहार में जदयू की भारी हार होगी। फिर महागठबंधन के नाम पर महाठगबन्धन की सरकार को भी गद्दी छोड़ना पड़ेगा।



# शराब तस्कर को पकड़ने गई सिमरी पुलिस टीम पर हमला

## थानाध्यक्ष समेत पांच पुलिसकर्मी जख्मी

- बुधवार की रात थाना क्षेत्र के बलिहार गांव की है घटना, सात पर एफआईआर दर्ज

**केटी न्यूज/सिमरी**

बुधवार की रात थाना क्षेत्र के बलिहार गांव में एक फरार शराब तस्कर को पकड़ने गई सिमरी पुलिस पर तस्कर के परिजनों ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में थानाध्यक्ष समेत कुल पांच पुलिसकर्मी आंशिक रूप से जख्मी हुए है। वही परिजनों के भारी विरोध के कारण पुलिस टीम उसे गिरफ्तार किए बगैर ही बैरंग लौट आई। गुरूवार को इस मामले में थानाध्यक्ष ने उसके सात परिजनों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार सिमरी पुलिस बुधवार की रात बलिहार गांव के फरार शराब तस्कर दीपू पासवान को पकड़ने उसके घर गई थी। इसी दौरान घर की महिलाओं समेत अन्य परिजनों ने पुलिस टीम पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में थानाध्यक्ष अमन कुमार, एएसआई सुमन कुमार व उत्तम कुमार के अलावे दो अन्य पुलिसकर्मियों को हल्की चोटें आई हैं। डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने कहा पुलिस टीम पर हमला करने वाले शराब तस्कर के परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है।

### शराब की टोह में गई सोनवर्षा ओपी पुलिस टीम पर हमला

**नावानगर।** गुरुवार की देर शाम शराब की टोह में छापेमारी करने गई सोनवर्षा ओपी थाने की पुलिस टीम पर मौडीहा अनुसूचित जाति बास्तीवालों ने हमला कर दिया। इस हमले में ओपी प्रभारी सुनील कुमार समेत आधा दर्जन पुलिसकर्मी जख्मी हुए हैं। थाना प्रभारी का सिर फटने के साथ ही हाथ टूट गया है। हालांकि बाद में बड़ी संख्या में पहुंची पुलिस टीम ने बस्ती को चारों तरफ से घेर लिया और छापेमारी की। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम सोनवर्षा ओपी प्रभारी प्रभारी सुनील कुमार को सूचना मिली थी कि मौडीहा अनुसूचित जाति बस्ती में शराब की खेप छिपाई गई है। इस सूचना पर पुलिस टीम वहां छापेमारी करने गई। लेकिन पुलिस टीम को देखते ही बस्ती वालों ने हमला कर दिया। इस हमले में ओपी प्रभारी समेत आधा दर्जन पुलिसकर्मी जख्मी हो गए।एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि नौडीहा अनुसूचित जाति बस्ती में छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला किया, जिसमें आधा दर्जन पुलिसकर्मी जख्मी हुए हैं।

# यूपी से शराब की खेप लेकर आ रहा अंतरजिला गिरोह का तस्कर गिरफ्तार



**बक्सर।** बुधवार क रात उत्पाद विभाग की टीम ने वीर कुंवर सिंह सेतु पर यूपी के बलिया से एक स्कार्पियों की सीट के नीचे छिपाकर लाए जा रहे शराब की खेप को पकड़ा है। पुलिस ने चालक सह अंतरजिला गिरोह के तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। स्कार्पियों से 375 एमएल अंग्रेजी शराब की 55 बोतले बरामद हुई। इसके बाद उत्पाद विभाग की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया तथा उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार तस्कर समस्तीपुर जिले के शाहपुर पटोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जलालपुर गांव का रहने वाला डब्लू कुमार है।

## धनसोई और छोटका ढकाईच के पास हुई घटना

# व्यवसायी व सीएसपी संचालक से अपराधियों ने लूटे पांच लाख

- तगादा कर लौट रहे रोहतास के किराना व्यवसायी से धनसोई कोचस मार्ग पर 1.32 लाख की लूट
- सीएसपी संचालक से एनएच 922 पर छोटका ढकाईच के पास 3.68 लाख लूट फरार हुए लुटेरे

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में बेखौफ हो चुके लूटेरों ने 18 घंटे के अंदर लूट की दो वारदातों को अंजाम दे पुलिस प्रशासन के लिए तगड़ी चुनौती पेश की है। जबकि पुलिस लूट की किसी भी वारदात में लुटेरों की शिनाख्त तक नहीं कर पाई है। लूट की सीरियल घटनाओं के बाद व्यवसायियों में लुटेरों का खौफ गहरा गया है। वही पुलिस छापेमारी अभियान चलाने का दावा कर रही है। जानकारी के अनुसार पहली घटना मंगलवार की देर शाम धनसोई थाना क्षेत्र की है। धनसोई कोचस मार्ग पर पटखवलिया और इटढ़िया गांव के बीच की है। सफेद बुलेट पर सवार तीन की संख्या में हथियारबंद अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। लूट के दौरान एक लुटेरे द्वारा हवाई फायरिंग कर दहशत मचाया गया जबकि दूसरे ने गन प्वाइंट पर उसके पॉकेट तथा बाइक की डिक्की से कुल 1.32 लाख लूट लिए, जबकि तीसरा बाइक स्टार्ट कर उस पर बैठा था। जाते जाते उसके बाइक की चाबी और मोबाइल भी छीन ले गए। पीड़ित व्यवसाई जितेंद्र केसरी कोचस के थोक किराना व्यवसाई मोती शाह का कर्मी तथा उसका रिश्तेदार भी है। पुलिस की सूचना पर धनसोई पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। समाचार लिखे जाने तक लुटेरों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। इस घटना के बाद व्यवसायियों में लुटेरों का खौफ बना हुआ है। धनसोई थाना अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बैंक से रूपए निकाल जा रहे सीएसपी संचालक से लूट

वहीं दूसरी तरफ गुरुवार की भरी दोपहरी एसबीआई के एक सीएसपी संचालक से लूटेरों ने गन प्वाइंट पर 3.68 हजार रुपए लूट फरार हो गए। यह वारदात कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के छोटका ढकाईच गांव के सामने एनएच 922 पर दोपहर 11.30 बजे की है। पीड़ित सीएसपी संचालक सुबोध रंजन लाल डुमरांव के डीएस कोठी रोड में अपना घर बना रहते हैं तथा वे कृष्णाब्रह्म के कठार रोड में एसबीआई के सीएसपी का संचालन करते है। मिली जानकारी के अनुसार वे गुरुवार को एसबीआई डुमरांव से 3 लाख 68 हजार रुपए निकाल अपने सीएसपी पर जा रहे थे। इसी दौरान एनएच 922 पर छोटका ढकाईच मठिया के पास एक लाल रंग की अपाची बाइक पर सवार तीन की संख्या में हथियारबंद लुटेरों ने ओवरटेक कर उनकी बाइक रुकवा कनपटी पर पिस्टल सटा रुपयों से भरा बैग छीन लिया। रुपया लूटने के बाद सभी ब्रह्मपुर की तरफ भाग निकले। थोड़ी देर के बाद सीएसपी संचालक ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी अभियान शुरू कर दी लेकिन तब तक लुटेरे सुरक्षित ठिकानों पर भाग निकले थे। सूत्रों की माने तो लुटेरे बैंक से ही संचालक के पीछे लगे हुए थे। डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि लुटेरों की शिनाख्त की जा रही है। उन्होंने कहा कि लुटेरों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि बुधवार की शाम धनसोई थाना क्षेत्र में भी एक किराना व्यवसाई से 1 लाख 32 हजार की लूट हुई थी।



थाना में लूट की घटना की रिपोर्ट लिखवाते पीड़ित।

### डुमरांव पहुंच एसपी ने सीएसपी संचालक लूटकांड की जांच की

**डुमरांव।** एनएच 922 पर सीएसपी संचालक से दिन दहाड़े लूट की वारदात को एसपी मनीष कुमार ने काफी गंभीरता से लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही वे तत्काल घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही डुमरांव थाने में बैठ पुलिस पदाधिकारियों से इस घटना की समीक्षा की तथा तत्काल लूटेरों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। वही उन्होंने बैंकों की सुरक्षा बढ़ाने, परिसर में चोर उचक्कों पर नजर रखने तथा वाहन चेकिंग अभियान तेज करने को कहा। एसपी के निर्देश पर गुरूवार की शाम से ही जिले के सभी थानों में वाहन चेकिंग अभियान तेज हो गया था। एसपी घंटो डुमरांव थाना में बैठ इस मामले के उदभेदन का प्रयास करते रहे। इस दौरान उन्होंने पीड़ित सीएसपी संचालक सुबोध रंजन लाल उर्फ पिंकू लाल से भी पूछताछ कर घटना की जानकारी ली तथा लूटेरों हुलिया व उनके बाइक के संबंध में आवश्यक पूछताछ की। मौके पर डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम, कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार समेत कई अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### क्या कहते हैं एसपी

पुलिस ने लूट की दोनों घटनाओं को गंभीरता से लिया है। जल्द ही लूटेरों की शिनाख्त कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। फिलहाल पुलिस तकनीकी साधनों तथा मुखबिरों के सहारे लूटेरों की पहचान में जुटी है। **– मनीष कुमार, एसपी, बक्सर**

## एक नजर

### नगर पंचित मां काली आश्रम का वार्षिकोत्सव 23 को, तैयारी में जुटी पूजा समिति



**डुमरांव।** सावन शुक्ला सप्तमी को नगर पंचित मां काली आश्रम का वार्षिकोत्सव मनाया जाता है। इस बार 23 अगस्त को यह तिथि पड़ रही है। इस दिन नगर देवी मां काली का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इसके पूर्व 17 अगस्त से नगरवासी आस्था के महामंदिर में जल अर्पण की शुरूआत करेंगे। इस बार वार्षिकोत्सव पूजन ऐतिहासिक होगा। इस दिन मां नौ रूपों में भक्तों को दर्शन देंगी। इसके लिए जयपुर के कारीगर अपनी कलाओं को उकेरने में जुट गये है। मां काली आश्रम पूजा समिति के सदस्य दो माह पूर्व से ही इसकी भव्यता को लेकर तैयारी में जुट जाते है। समिति मां के दरबार और पूरे मंदिर परिसर को पांच रंगों के गुलाब के फूलों से सजाने की योजना बनायी है। इसके लिए समिति ने बनारस, लखनऊ, कोलकात्ता के फूल मंडियों के आढ़त से संपर्क साधा है। समिति के अध्यक्ष भगवानजी वर्मा, संतोष गुप्ता, मुन्ना सिंह, अशोक चंद्रवंशी, दिलीप कुमार आदि ने बताया कि नगर पंचित मां काली की वार्षिकोत्सव पूजन में लाखों से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। भक्तों की भीड़ को देखते हुए दो सौ मीटर लंबी बैरिकेडिंग महिला व पुरुषों के लिए बनायी जायेगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 10-10 युवकों की दो दर्जन से अधिक टीमें बनायी गयी हैं। साथ ही एक दर्जन से अधिक शू स्टाल के अलावे शुद्ध पेयजल, दवा, प्रसाद, फल-फूल आदि की मुफ्त में व्यवस्था की जायेगी। समिति असामाजिक तत्वों पर भी निगरानी रखेगी। इसके लिए कई टीमों का गठन किया गया है। इस दौरान रोहित केशरी, सुजीत कुमार, अंकित केशरी, कुंदन, विक्की, छोटू, राकेश माली, दिलीप प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे।

### 70 रु. की दर से आज बक्सर में मिलेगा टमाटर

**बक्सर।** उपभोक्ता मंत्रालय द्वारा बेचे जा रहे टमाटर की नई खेप गुरुवार को बक्सर पहुंच गई है। शुक्रवार को इसकी बिक्री चरित्रवन में जिलाधिकारी आवास के सामने होगी। सूचना के अनुसार सुबह आठ बजे से इसकी ब्रिकी प्रारंभ होगी। इसकी दर 70 रुपये तय की गई है। सरकारी निर्देश के अनुसार एक व्यक्ति को सिर्फ एक किलो टमाटर ही दिया जाएगा।

### अनुशासनहीनता के आरोप में भाजपा के दो पूर्व जिलाध्यक्ष पार्टी से किए गए निष्कासित

**बक्सर।** भाजपा के अंदर रहकर कद्दावर नेता व केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे का लगातार विरोध करने वाले तथा मीडिया में बयान देकर सुर्खियां बटोरने वाले पार्टी के दो जिलाध्यक्षों को प्रदेश नेतृत्व ने छह सालों के लिए निलंबित कर दिया है। उनका निलंबन प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल के कहने पर प्रदेश कार्यालय मंत्री सत्यपाल नरोतम ने किया है। निलंबित होने वाले पूर्व जिलाध्यक्षों में राणा प्रताप सिंह व माधुरी कुंवर शामिल हैं। दोनों पर पार्टी की अनुशासन समिति ने भी शिकायती रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को सौंपा था। बता दें कि हाल के दिनों में भाजपा कार्यकताओं में केन्द्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद के प्रति विरोध का स्वर फूट रहा था। विरोधी खेमे का नेतृत्व दोनों पूर्व जिलाध्यक्ष कर रहे थे। इसके पहले प्रदेश नेतृत्व द्वारा सभी को बयानबाजी से बचने तथा पार्टी नेताओं का विरोध नहीं करने की नसीहत दी थी। लेकिन वे इसे दरकिनार कर रहे थे। जिसके बाद पार्टी ने दोनों पर सख्त कदम उठाया है। वही दूसरी तरफ इस फैसले के खिलाफ बोलते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष राणा प्रताप ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री का विरोध जारी रहेगा। आखिर उन्हें पिछले नौ साल का जबाव जनता के सामने देना होगा कि उन्होंने क्या क्या किया है।



### ग्रामीण विकास सचिव ने चिलहरी में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का किया उद्घाटन

# अब कमाई का जरिया बनेगा घर से निकलने वाला कचरा: डॉ सरवन

- छतनवार, सोवां, कोरानसराय व अटांव पंचायतों में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन
- डीएम बोले- 15 अगस्त तक 28 पंचायतों में कचरा प्रसंस्करण इकाई का निर्माण कार्य पूरा करने का रखा गया है लक्ष्य



**केटी न्यूज/डुमरांव**

वेस्ट को वेल्थ बनाने के लिए ही बिहार सरकार द्वारा लोहिया बिहार स्वच्छ अभियान के तहत पंचायतों में वेस्ट प्रोसेसिंग इकाई बनवाया जा रहा है ताकि हम कूड़ा कचरा के जहर से मुक्त रहें तथा कचरे को आमदनी का जरिया बना सकें। उक्त बातें गुरूवार को बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव डा एन सरवन ने चिलहरी गांव में कही। उन्होंने चिलहरी से स्थानीय पंचायत के साथ ही छतनवार, सोवां, अटांव तथा कोरानसराय पंचायतों के निर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाईयों का उद्घाटन किया। अब घर का बेकार कचरा कमाई का जरिया बनेगा। कचरे से उपयोगी चीजे बना कईयों की किस्मत सवांरी जा सकती है तथा गांव के पर्यावरण को भी शुद्ध किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सात निश्चय योजना में गांवों के विकास की रूपरेखा बनाई गई है। पहले चरण में शौचालय तो दूसरे चरण में कूड़ा कचरा प्रबंधन कार्य हो रहा है। इसी प्रयास से खुले में शौच की कुप्रथा से मुक्ति मिल रही है। वहीं डीएम अंशुल अग्रवाल ने बताया कि जिले के 136 में से 40 पंचायतों में वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण कार्य पूरा हो गया है तथा घर-घर कचरा उठाव हो रहा है। डीएम ने कहा कि 15 अगस्त तक 28 अन्य पंचायतों में कचरा प्रसंस्करण इकाई का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

डीएम ने लोगों से अपील की कि वे स्वच्छता को अपनी आदतों शुमार कर गां को स्वच्छ व सुंदर बनाने में योगदान दे। इस मौके पर लोगों ने अपने गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पौधरोपण भी किया गया। आगत अतिथियों का स्वागत मुखिया प्रतिनिधि राजू सिंह ने किया। मौके पर डीडीसी डा महेंद्र पाल, डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज, बीडीओ संदीप पांडेय, मुखिया विभा देवी समेत कई अन्य पंचायतों के मुखिया व पंचायत प्रतिनिध मौजूद थे।

## नवजात को बीमारी से बचाव के लिए स्तनपान जरूरी

- सात अगस्त तक गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं को किया जा रहा जागरूक



**केटी न्यूज/बक्सर**

मां का दूध शिशुओं के लिए आदर्श भोजन है। यह सुरक्षित, स्वच्छ है और इसमें एंटीबॉडीज हैं, जो बचपन की कई सामान्य बीमारियों से बचाने में मदद करती हैं। मां का दूध शिशु को जीवन के पहले महीनों के लिए आवश्यक सभी ऊर्जा और पोषक तत्व प्रदान करता है। साथ ही, यह पहले वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान बच्चे की पोषण संबंधी जरूरतों का आधा या अधिक और दूसरे के दौरान एक तिहाई तक प्रदान करता रहता है। स्तनपान करने वाले बच्चे बुद्धि परीक्षणों में बेहतर प्रदर्शन करते हैं, उनके अधिक वजन या मोटापे की संभावना कम होती है और जीवन में बाद में मधुमेह होने की संभावना कम होती है। जो महिलाएं स्तनपान कराती हैं उनमें स्तन और डिम्बग्रंथि कैंसर का खतरा भी कम होता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार स्तन-दूध के विकल्प स्तनपान दरों और अवधि में सुधार के प्रयासों को कमजोर कर रहा है। जिसमें सुधार लाने के लिए माताओं का जागरूक होना अति आवश्यक है।

सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा ने बताया कि नवजात शिशुओं में संक्रमण और बीमारियों का खतरा अधिक होता है। इसलिए माताओं के लिए अपने नवजात शिशुओं को स्तनपान कराना महत्वपूर्ण है। मां के दूध में मौजूद पोषक तत्व न केवल बच्चे को बीमारियों से लड़ने की क्षमता देता है, बल्कि उसके शारीरिक विकास में भी बहुत योगदान देता है। बच्चे के जन्म के आधे घंटे बाद मां का दूध पिलाना सबसे बेहतर माना गया है।

**बच्चे को हमेशा अपनी गोद में रखकर दूध पिलाएं:** सदर प्रखंड के बीसीएम प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि बच्चे को हमेशा अपनी गोद में ही दूध पिलाना चाहिए जबकि बच्चे का सिर आपकी बांह से थोड़ा ऊपर उठा हुआ हो। दूध पिलाने के बाद बच्चे को डकार दिलाना भी जरूरी है। इससे दूध बच्चे की श्वसन नली में चला जाता है और दम घुटने की संभावना अधिक होती है।

## लोगों ने की जर्जर तार बदलने की मांग

**केसठ।** विद्युत कंपनी द्वारा मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत नए कनेक्शन भले ही दिए जा रहे हैं, लेकिन आपूर्ति सुचारू करने की दिशा में कोई कारगर प्रयास नहीं किया जा रहा है। बिजली की आंखमिचौली व लो वोल्टेज की समस्या से लोग त्रस्त हैं। ऐसा ही मामला केसठ के वार्ड 12, 13 की प्रकाश में आई है। मोहल्ले में आपूर्ति व्यवस्था और भी बदतर है। यहां बीते 20 दिनों में कई बार आपूर्ति बाधित हो चुकी है। लो वोल्टेज की समस्या लगातार बनी हुई है। इस मोहल्ले जर्जर तारों का मकड़जाल बना है। इस वार्ड के तार इतने जर्जर हो गए है की लोड होते ही जलने लगता है। ग्रामीण मेराज अली, सद्दाम अली, अखबर अली, धनजी साह आदि ने जर्जर तार को बदलने की मांग की है।







## बच्चों के विवाद में गांव के लोगों पर मारपीट कर सोन में गिराने का आरोप

# सोन नद में दिव्यांग की डूबने से मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के सुरौंधा के समीप बीच सोन में नाव पर मारपीट और धक्का-मुक्की के दौरान एक दिव्यांग युवक नदी में गिर पड़ा। जिससे सोन नद में डूबने से उसकी मौत हो गयी। मृत युवक कोईलवर थाना क्षेत्र के सुरौंधा कॉलोनी वार्ड नंबर 11 निवासी जगदीश पासवान का 30 वर्षीय बेटा हरेंद्र राम बताया जा रहा है। उसके परिजन गांव के कुछ लोगों पर बच्चों के विवाद में हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। परिजनों ने आरोन लगाया कि मारपीट के दौरान धक्का देकर उसे सोन में गिरा दिया गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को निकाला गया। उसके बाद शव का  का पोस्टमार्टम करवाया गया। मृतक हरेंद्र राम के भांजा रंजन ने बताया कि उसके मामा पैर-हाथ से दिव्यांग थे। बुधवार की सुबह वह घर के बच्चों को नाव से स्कूल छोड़ने के लिए सोन नदी के दूसरी ओर मदही गांव गए थे। उसी



♦ मवेशी खोजने नाव से सोन की दूसरी छोर जाने के दौरान घटना को दिया गया अंजाम

दौरान गांव के ही कुछ व्यक्तियों से बच्चों को लेकर झगड़ा हुआ था। हालांकि तब बात खत्म हो गयी थी। गुरुवार की दोपहर वह मवेशी खोजने नाव से सोन नदी के दूसरी ओर जा रहे थे। तभी आरोपित भी नाव पर आ गये और उनके साथ मारपीट करने लगे। उसी दौरान आरोपितों द्वारा उन्हें नाव से धक्का दे दिया। उसके कारण वह सोन में गिर गये और डूबने से उनकी मौत हो गई। रंजन ने गांव के ही सनम, पवन, सुदर्शन भगत सहित अन्य पर एक दिन पूर्व हुए झगड़े के विवाद में



दिव्यांग मामा को मारपीट और धक्का देकर सोन नदी गिरा कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि युवक अपने चार भाइयों में छोटा था। उसके परिवार में तीन बहन और तीन भाई हैं। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

## हाई वोल्टेज बिजली प्रवाहित तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के आयर थाना क्षेत्र के बरनांव गांव में बुधवार की रात हाईटेंशन करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक युवक  की मौत हो गयी। उसका शव गुरुवार की सुबह बरामद किया गया। मृत किसान बरनांव गांव निवासी स्व. राजकिशोर सिंह के 35 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार सिंह उर्फ बजरंग सिंह थे। मृतक के बड़े भाई निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि बजरंगी सिंह रोज की तरह बुधवार की रात करीब आठ बजे खाना खाकर खेत पर जाने के लिए निकला था।इस बीच रास्ते में 11 हजार वोल्ट का हाईटेंशन करंट प्रवाहित तार टूट कर गिरा पड़ा था। उसकी चपेट में आने से उनकी मौत हो गयी। सुबह उनके पड़ोस का एक व्यक्ति खेत की ओर जा रहा था। जहां उसने बजरंगी को मृत अवस्था में पाया। उसके बाद उन्होंने घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर



पहुंचे। पुलिस भी पहुंची और शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराया। बताया जा रहा है कि बजरंगी सिंह अपने तीन भाई और एक बहन में छोटे थे। उनकी शादी 10 वर्ष पूर्व हुई थी। उनके परिवार में मां शिवकुमारी देवी, पत्नी बंदना देवी, पुत्री गौरी कुमारी और पुत्र रूद्र प्रताप सिंह है। इधर, हादसे के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। मां और पत्नी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, पूर्व विधायक भाई दिनेश, जदयू नेता सुशील सिंह टाइगर और कांग्रेस नेता अरविंद सिंह की ओर से घटना पर गहरा दुःख प्रकट किया गया है।

## जिला सृजन दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम

**जहानाबाद।** जिला सृजन दिवस के अवसर पर मानस विद्यालय बभना एवं मानस पब्लिक स्कूल ढारकुवाडी रोड के छात्रों-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुती से मंत्रमुग्ध कर दिया। मानस के छात्रों का चयन सोलो डांस में प्रथम एवम जिला गौरवगान में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिला के साथ साथ मानस विद्यालय का नाम रौशन किया है। छात्रों का नाम डांस ग्रुप में आकृति कुमारी, चांदनी कुमारी, श्रुति राज, श्वेता कुमारी, पिट्टू सिन्हा एवम जिला गौरवगान में एहसानी नंदन, सौम्या कुमारी, संध्या रानी, मान्या केशरी, अर्पणा कुमारी एवम टीम ने शानदार गीत गा कर मंत्रमुग्ध किया। साथ ही, चयनित छात्रों को सम्मानित किया गया। संस्था के चेयरमैन डॉ. नवल किशोर ने छात्रों, शिक्षको एवम अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम वर्तमान हैं और आप भविष्य हो। यह सम्मान पूरे विद्यालय परिवार को गौरव की अनुभूति प्रदान कर रहा है।

## जमीन विवाद में भतीजे ने की चाचा-चाची की पिटाई

**आरा।** जिले के चौरी थाना क्षेत्र के चौरी गांव में गुरुवार की दोहपर खेत का आरी काटने के विवाद को लेकर भतीजे ने दंपति की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिसके बाद गांव वालों के मदद से दोनों को छुड़ाया गया । मारपीट की घटना में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए पीरो रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में चौरी थाना क्षेत्र के चौरी गांव निवासी बबन राम (45) और उनकी पत्नी एतवारो देवी (40) शामिल है। इधर, एतवारो देवी ने बताया कि उनके खेत की आरी बहुत संकरा थी, जिसे वह चौड़ा करने के लिए खेत मे गए थे। तभी पीछे से उनके पट्टीदार का भतीजा हाथ में लोहे का रॉड लेकर खेत में पहुंच गया और रॉड से मारकर उन्हें बुरी तरह जख्मी कर दिया।







## टेंट संचालक से एक लाख रुपए की छिनतई

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के नगर थाना क्षेत्र के महादेवा रोड स्थित पानी टंकी के समीप बुधवार की देर शाम बदमाशों ने मारपीट कर एक टेंट संचालक से एक लाख दस हजार रुपए छीन लिया। जिसके बाद जख्मी में टेंट संचालक ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। टेंट संचालक टाउन थाना क्षेत्र के जेल रोड मिश्र टोला मोहल्ला निवासी गोपाल साह का 25 वर्षीय बेटा अभिषेक कुमार कश्यप है। उसकी मिश्र टोला में शुभम लाइट एन्ड साउंड नामक टेंट की दुकान है।

उसके पिता गोपाल साह ने बताया कि उसने भोला नामक युवक को बताया था कि वो एक जगह से पैसा ले जाने वाला है। देर शाम वह महादेवा से अपने टेंट का एडवांस लेकर घर लौट रहा था। तभी पानी टंकी के समीप बदमाशों ने उसे घेर लिया और हथियार के बट से मारकर जख्मी कर दिया। उन्होंने एक लाख दस हजार रुपये छीन लिया। इसके बाद वह किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागा। गोपाल साह ने भोला नामक युवक पर लाइन देने और शैलेश सहित अन्य लोगों पर मारपीट कर पैसे छीनने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## नोआवां गांव में दो घरों से हजारों की चोरी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**


जिले के रतनी प्रखंड क्षेत्र के शकूराबाद थाना अंतर्गत नोआवां गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया और हजारों रुपए की संपत्ति चोरी कर फरार हो गए हैं। हालांकि गृह स्वामी के जाग जाने के कारण चोरी होने से कई सामान बच गए। आनन-फानन में चोर कीमती कपड़े व कुछ बर्तन लेकर भागने में सफल हो सके।

मालूम हो कि नाथून शर्मा वह उनके भाई सिद्धनाथ शर्मा के मकान में बीती रात चोरों ने कुंडी तोड़कर घर में



प्रवेश कर गया और कमरे का ताला तोड़कर सामान तितर-बितर करने लगा। हालांकि खटपट की आवाज पर सिद्धनाथ शर्मा जाग गए और जब उन्होंने अपने छत से गली में झांका तो देखा कि कुछ लोग घर के बाहर खड़े तब उन्हें चोरी की आशंका हुई और उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोरगुल की आवाज पर चोर आनन-फानन में कुछ सामान लेकर भाग निकले। मालूम हो कि बीते 9 जुलाई की रात भी इन दोनों को घर भी चोरी की घटना घटित हुई थी। घर से लाखों का सामान की  चोरों ने चोरी किया था एक बार फिर चोरी का प्रयास किया। लेकिन गृहस्वामी के सामने चोरों को हजारों के सामान में संतोष करना पड़ा। गृह स्वामी ने बताया कि लगभग दोनों घरों से 25 से 30 हजार की संपत्ति की चोरी हुई है। हालांकि गृह स्वामी की मांग पर खोजी कुत्ते भी लाए गए लेकिन काफी मशक्कत के बाद भी खोजी कुत्ता कोई काम नहीं कर पाया।



# अंतरजनपदीय तीन चेन स्नैचर गिरफ्तार, 50 हजार बरामद

**केटी न्यूज/बलिया**

पुलिस अधीक्षक एस.आनन्द के निर्देशन में जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में हल्दी पुलिस ने बुधवार की रात तीन अंतरजनपदीय तीन चेन स्नैचरों को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा, कारतूस, चाकू एवं 50 हजार रुपये नकद मिले है। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया।



थानाध्यक्ष हल्दी सुनील कुमार सिंह अपने हमराहियो के साथ मुखबिर की सूचना पर पचरुखिया के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच एक बाइक पर सवार तीन व्यक्ति दीघार गाव की तरफ से आते हुए दिखाई दिये। पुलिस को देखते ही बाइक सवार दो बदमाशों ने पुलिस ने फायर कर दिया। इसी दौरान भागने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी जिस पर पुलिस ने तत्काल दौड़कर तीनों बदमाशों को पकड़ लिया।

तीनों ने अपना नाम राजू उर्फ लालचन्द्र पुत्र रामकुमार बावरिया निवासी खानपुर थाना झिन्झाना जनपद शामली, मंगल उर्फ राम पुत्र जगदीश निवासी वार्ड नं0 25 विनोद नगर समराला रोड़ थाना खन्ना जनपद लुधियाना पंजाब और सोमपाल पुत्र मुंशी राम निवासी खेरी जुनारदार अहमदगढ़ थाना झिन्झाना जनपद शामली बताया।

तीनों के पास से दो अवैध देशी तमंचा, 1 जिन्दा व 2 मिस कारतूस 315 बोर, एक नाजायज चाकू, 35 हजार रुपए नकद तथा एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया। तीनों अभियुक्तों ने बताया कि यह बाइक पंजाब से चुराया है तथा इसी बाइक पर बैठकर चेन छिनैती करते है और रेलवे स्टेशनों और बस स्टेशनों पर अपनी मजबूरी बताकर चेन बेच देते है। एक परिचित व्यक्ति जिनका नाम मनोज कुमार पुत्र शशीपाल सिंह है जो ग्राम जसाला थाना कन्धाला जनपद मुजफ्फर नगर उत्तर प्रदेश के रहने वाले है तथा दीघार गांव में पशुचिकित्सालय में कम्पाउंडर थे उन्ही के यहा रिश्तेदारियां जोड़ कर आते थे उन्ही के सरकारी रूम पर रहकर इन घटनाओं को अंजाम देते थे तथा पुनः वापस शामली चले जाते थे।




## खबरें फटाफट

### अरविंद का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

**बलिया।** मुम्बई दुर्घटना में मृत अरविन्द का शव घर पहुंचते ही पसरा सन्नाटा कोहराम मे बदल गया। पत्नी पिता माता भाई सभी दहाड़े मार कर रोने बिलखने लगे। इनकी मौत से मानो पहाड़ टूट पडा हो सभी लोगों के आखे भर आयी। परिवार के करुण क्रन्दन से पूरा वातावरण गमगीन हो गया। घटना के दिन से ही क्षेत्र मे मातम छाया हुआ था। गुरुवार को मुम्बई से शव वाहन लेकर घर पहुंचा तो सारा माहौल ही मातम मे बदल गया। उनकी अन्त्येष्टि बलिया के बयासी घाट पर हुआ। मुखाग्नि पिता शर्मानन्द उपाध्याय ने किया। अरविंद मुम्बई के कन्सट्रक्शन कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। कंपनी में हादसे का कारण बनी एक विशेष प्रयोजन वाली मोबाइल गैन्ट्री क्रैन थी, जिसका उपयोग पुल और राज्य मार्ग के निर्माण परियोजना मे गर्डर लगाने में किया जाता था। जिसके क्रैश करने से बड़ा हादसा हो गया। इसी में फंसकर अरविन्द उपाध्याय पुत्र शर्मा नन्द उपाध्याय की मौत हो गयी।

### राज्यमंत्री ने किया कस्तूरबा विद्यालय का निरीक्षण

**बलिया।** बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने गुरुवार को क्षेत्र कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय (पकवाइनार, रसड़ा) का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की बच्चियों से सवाल करके शिक्षा की गुणवत्ता भी जांची। भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए बच्चियों के साथ बैठकर खाना खाया। श्री शर्मा विद्यालय में पहुंचे तो उन्होंने कक्षा आठ की छात्रा अनुष्का से विज्ञान की परिभाषा पूछी। बच्ची द्वारा परिभाषा बताए जाने पर दर्जा प्राप्त मंत्री ने प्रसन्नता जताई और उसे पुरस्कृत किया। कक्षा सात में पढ़ने वाली राधा से गृह शिल्प के बारे में प्रश्न किया, उसने भी संतोषजनक जवाब दिया। राज्यमंत्री ने बच्चियों को मिलने वाले खाने के संबंध में जांच पड़ताल शुरू की और फिर छात्राओं के साथ फर्श पर बैठकर खाना खाया। स्कूल की कक्षा आठ की चांदनी राय और खुशी भारती ने गीत गाकर मंत्री का स्वागत किया। मंत्री ने उन बच्चियों को भी पुरस्कार दिया।

## उपमुख्यमंत्री ने बलिया में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से की वार्ता

# यूपी में एक भी सीट नहीं जीतेंगे बिहार के मुख्यमंत्री : केशव मौर्य

**केटी न्यूज/बलिया**

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को बलिया जनपद में थे। वह विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद सीधे कलेक्ट्रेट सभागार में पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता की। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में डिप्टी सीएम ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार यूपी से नहीं जीतेंगे। पत्रकारों का दूसरा सवाल यह था कि हम मऊ के विधायक अब्बास अंसारी क्या एनडीए के हिस्सा बनेंगे। उन्होंने साफ शब्दों में इंकार कर दिया। ज्ञानवापी वाले मामले में उन्होंने कहा कि कोर्ट में यह मामला है जो भी फैसला आएगा वह जनहित में होगा। इस अवसर पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, मंत्री दानिश आजाद अंसारी, विधायक केतकी सिंह, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, छट्ठू राम, जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों से बैठक के बाद वह सीधे बाहर निकले और जनता के बीच पहुंचे। जनता के हाथों से उन्होंने उनका प्रार्थना पत्र लिया और जनता को आश्वासन दिया। काफी देर समय तक वह जनता से मिलते रहे। इस बीच कड़ी सुरक्षा में पुलिस के जवान और अधिकारी लगे हुए थे। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य हेलीकाप्टर से पुलिस के परेड ग्राउंड में पहुंचे थे। यहां उनसे मिलने के बाद भाजपा नेताओं की भीड़ लगी रही। पुलिस के जवानों ने डिप्टी सीएम को गार्ड आफ आनर की सलामी दी। वहीं भाजपा नेताओं ने बुके देकर स्वागत किया।

**डिप्टी सीएम के साथ आये थे परिवहन मंत्री :** डिप्टी सीएम केशव मौर्य के सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रही। पुलिस लाइन हेलीपैड स्थल से लेकर भाजपा कार्यालय जीराबस्ती तक पुलिस का पहरा रहा। उपमुख्यमंत्री के हेलीकाप्टर से परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में आये थे। जिले में चर्चा का विषय यह बना रहा कि डिप्टी सीएम के साथ परिवहन मंत्री हेलीकाप्टर से बलिया आये थे। उसके बाद वो लखनऊ के लिये प्रस्थान कर गये।

### उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को फटकारा

पार्टी पदाधिकारियों की बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में बैठक किया। जिसमें अधिकारीयों को फटकार लगाते हुए कहा कि बूथ अध्यक्ष से ले जिलाध्यक्ष तक का होना चाहिए सम्मान। कई अधिकारीयों द्वारा कार्यकताओं की बात नहीं सुनने पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए कई अधिकारियों की क्लास भी लगाई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बूथ अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष तक की समस्याओं पर अधिकारी तुरंत सुनवाई करे इतना ही नहीं उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि किसी भी तरह की समस्या के संदर्भ में कोई भी शिकायत लखनऊ तक नहीं आनी चाहिए। संगठन का हर कार्यकर्ता या पदाधिकारी राष्ट्र हित और समाज के गरीब, मजबूर और पीड़ित के लिए समर्पित है इसलिए उनकी समस्याओं की अनदेखी करना संबंधित अधिकारी के लिए ठीक नहीं होगा। कहा जिला की समस्या जिला से ही खत्म होनी चाहिए।




# ट्रक की चपेट में आकर साइकिल सवार बालक की मौत, एक घायल

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के नरहीं थाना अंतर्गत भरौली गांव के समीप एनएच-31 सड़क पर ट्रक की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई। वहीं, सायकिल पर सवार दूसरा बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसको ग्रामीणों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, घटना के बाद ट्रक थोड़ी दूर में खड़ी एक बोलेरो से टकराया और वहीं खड़ा हो गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है।



घटना के संबंध में बताया जाता है के गुरुवार को करीब साढ़े चार बजे भरौली गांव निवासी संजय जायसवाल का लड़का पिन्टू जायसवाल उम्र 12 वर्ष अपने साथी प्रियांशु यादव 13 वर्ष को पीछे सायकिल पर बैठा कर सड़क पर जा रहा था। इस बीच बलिया से बक्सर की ओर जा रहे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें पिन्टू जायसवाल की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि सायकिल पर पीछे बैठा प्रियांशु यादव धक्का लगने के बाद कुछ दूर पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद लोगों ने शोर मचाना शुरू किया। जिसे सुनकर घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। वहीं, घटना के बाद ट्रक ड्राइवर ने भागने के चक्कर में आगे खड़ी बोलेरो से टक्कर मार दी और वहीं खड़ा हो गया। घटना के तुरंत बाद नरहीं थाना प्रभारी पन्नेलाल ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर थाना लाया गया। इस घटना के बाद पिंटू के घर कोहराम मच गया।




## बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह व नशे की रोकथाम पर दिया विशेष बल

# बालहित का हमेशा रखें ख्याल: डॉ देवेंद्र शर्मा

**केटी न्यूज/बलिया**

बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने बुधवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक बाल अधिकार से जुड़े विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बाल हित का हमेशा ख्याल रखते हुए बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह और नशा पर रोकथाम पर विशेष बल दिया। प्रोबेशन अधिकारी मु. मुमताज को निर्देश दिया कि वात्सल्य योजना के तहत 15 दिन के अंदर ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण इकाई का गठन सुनिश्चित कराएं, ताकि नीचे तक बाल आयोग का हर संदेश पहुंचे। इससे समाज की पांचों कुप्रथाओं पर अंकुश लगने की दिशा में बड़ा काम होगा।

उन्होंने कहा कि नशा पर अंकुश लगाने के लिए नार्कोटिक्स विभाग व बाल संरक्षण आयोग का संयुक्त अभियान चल रहा है। फिलहाल इस अभियान के तहत महानगरों को लिया गया है। शिक्षक, डॉक्टर, आंगनबाड़ी, आशा, एएनएम, पुलिस जैसे समाज को प्रभावित करने वाले वर्ग को



साथ रखके गोष्ठी की जा रही है। जल्द ही यह अभियान प्रत्येक जिलों में भी चलेगा। निश्चित रूप से इसका सकारात्मक परिणाम समाज में देखने को मिलेगा। उन्होंने कड़ाई से निर्देश दिया कि बाल श्रम की शिकायत बिल्कुल नहीं मिलनी चाहिए, अन्यथा इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। अभियान के अलावा भी इस पर लगातार नजर रखा जाए। बैठक में सीएमओ डॉ जयंत कुमार, नगर मजिस्ट्रेट माज अख्तर, जिला कार्यक्रम अधिकारी केएम पाण्डेय, श्रम व पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

**जिला अस्पताल का किया निरीक्षण :** डॉ शर्मा ने जिला अस्पताल में पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां भर्ती बच्चों व उनके अभिभावकों से बातचीत कर व्यवस्था का सत्यापन किया। पीकू वार्ड में भी जाकर बच्चों के लिए बने वार्ड की व्यववस्था को देखा। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिया कि यहां हमेशा नजर बनाए रखें। एनआरसी में रसोईघर का भी निरीक्षण कर गुणवत्तापरक भोजन उपलब्ध कराने की बात कही। इसके बाद वन स्टॉप सेंटर का भी जायजा लिया और वहां तैनात कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाल भिक्षावृत्ति को शत प्रतिशत रोकने को भी हम प्रतिबद्ध है। बाल भिक्षा को शिक्षा से जोड़ने की पहल की जा रही है। रेस्क्यू के दौरान जो बच्चे मिलते हैं, उन्हें हम मुख्यमंत्री बाल सामान्य योजना से लाभान्वित कर शिक्षित कर रहे हैं। इसके अलावा जेलों में भी जो बच्चे अपनी मां के साथ रह हैं, उनके लिए भी शिक्षा व खेलने कूदने की व्यवस्था पर हमारा विशेष फोकस है।

# लोगों में आई फ्लू की जांच के लिए भितरी पहुंचा सचल चिकित्सा दल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

कोरोना के बाद एक बार फिर "आई फ्लू" की चपेट में गाजीपुर जनपद समेत पूरा उत्तर प्रदेश आ गया है। आलम है कि लगभग प्रत्येक घर में "आई फ्लू" के संक्रमण से लोग परेशान हैं। उत्तर प्रदेश के 80 प्रतिशत लोग आई फ्लू के संक्रमण से जूझ रहे हैं। मेडिकल स्टोरों पर संक्रमण की दवा की कमी हो गई है। इसी बीच भाजपा नेता समाजसेवी सनाउल्लाह शन्ने के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा व रिलायंस फाउंडेशन द्वारा स्वचलित स्वास्थ कैंप का आयोजन किया गया।



बताते चले की मनोज सिन्हा ने पांच साल पूर्व स्वचलित अस्पताल का शुभारंभ किया था। यह आज भी निरंतर सम्पूर्ण जनपद में क्रम अनुसार संचालित होता है। बिना किसी भेद भाव के गरीब व असहाय लोगों के लिए उनके घर जाकर स्वचलित अस्पताल के माध्यम से जांचकर निः शुल्क दवा दी जाती है। आज कस्बा भितरी में कुशल डॉ. राज लल्लन पांडेय, कोऑर्डिनेटर शशि भूषण, फार्मासिस्ट मिथिलेश शुक्ला, स्टाफ नर्स मधु के नेतृत्व में 174 मरीजों की जांचकर निः शुल्क सफल इलाज किया गया। जिसने सबसे अधिक आंखों के संक्रमण के मरीजों ने दवा लिया। सर्दी, जुकाम, बुखार, खुजली, कमजोरी आदि के मरीजों ने दवा लिया। सभी मरीजों की बीपी व शुगर की जांच करने के बाद निःशुल्क दवा का वितरण ब्रार्डेड कंपनी दवा सील पैक दिया गया उक्त अवसर पर सफदर अली बाबर, सनाउल्लाह शन्ने, भुद्ध, कमाल, शेरू, शहाबुद्दीन इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## तीसरे दिन भी मिले आई फ्लू के मरीज

**चंदौली।** पड़ाव क्षेत्र में डायरिया और आई फ्लू के प्रसार के बाद तीसरे दिन भी स्वास्थ्य विभाग की टीम नेशनल मोबाईल मेडिकल यूनिट के साथ क्षेत्र में मौजूद रही और लगभग सौ मरीजों का स्वास्थ परीक्षण किया गया। गुरुवार को लगभग सौ में से 25 मरीज डायरिया के मिले जिनको दवा वितरण कर साफ सफाई व साफ पानी पिने की हिदायत दी गई। नेशनल मोबाईल मेडिकल यूनिट के डा. अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि ज्यादातर मरीज आई फ़्लू से संबधित आ रहे हैं और इन मरीजों के आँख में जलन व लाल होकर दर्द करना जैसे परेशानी को देखते हुवे आई ड्राप के साथ कुछ खाने के लिए दवा दी जा रही है।

## खबरें फटाफट

### चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**गाजीपुर।** गाजीपुर सिटी स्टेशन के पूर्वी यार्ड में एक व्यक्ति को रेलवे की चोरी की गई संपत्ति के साथ रेलवे सुरक्षा बल ने गिरफ्तार कर लिया। उसे संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया। पकड़े गए व्यक्ति का नाम सोनू शाह (20) पुत्र मोहमद हनीफ शाह निवासी ग्राम बस्ती थाना सराय मिल जिला आजमगढ़ है। रेलवे पुलिस ने एक बोरी में रेलवे लाइन में लगने वाले पेंडल क्लिप और कॉपर वायर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त उक्त को आज रेलवे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायालय द्वारा 14 दिन की न्यायिक रिमांड स्वीकृत करते हुए जिला कारागार वाराणसी भेज दिया गया। उक्त अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी यात्री सामानों की चोरी के बाबत जीआरपी गाजीपुर में कई मुकदमे दर्ज है।

### जल निकासी की व्यवस्था न होने से आवागमन दूभर

**गाजीपुर।** सेवराई तहसील के यूनियन बैंक बड़ी नहर से लेकर ग्रामीण बैंक तक जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से सड़क तरण ताल बन गई है। इससे आवागमन दूभर है। यूं तो सेवराई गांव को ओडीएफ प्लस के तहत चयनित कर लाखों रुपये की लागत से कई विकास कार्य कराए गए हैं, लेकिन आज भी बाजार में नालियों के पानी की समुचित जल निकासी न होने से बाजार वासियों को हल्की सी बरसात में भी जल जमाव की समस्या से जूझना पड़ता है। सबसे दयनीय स्थिति भदौरा यूनियन बैंक से लेकर ग्रामीण बैंक तक है, जहां जलनिकासी के लिए नाली न बनाए जाने से सड़कों पर घुटने भर पानी लग जाता है। इससे जहाँ आवागमन करने वाले वाहन चालकों को तरह -तरह की समस्या होती है। जलनिकासी न होने से वहीं स्थानीय दुकानदारों का व्यवसाय भी प्रभावित होता है। क्षेत्रीय दुकानदार अंकित गुप्ता, शैलेन्द्र गुप्ता, डॉ. सितार्जन सिंह, धर्मराज पांडेय, जोगिंदर गुप्ता आदि ने बताया कि जल निकासी न होने से आए दिन समस्याएं झेलनी पड़ती है।

## एमडीए कार्यक्रम को लेकर मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित

# फाइलेरिया से बचाव के लिए दवाओं का सेवन जरूर करें जनपदवासी : सीएमओ

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम को लेकर मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार), पाथ व पीसीआई संस्था ने महत्वपूर्ण सहयोग किया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ देश दीपक पाल ने कहा कि देश को वर्ष 2030 तक फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इसके लिए जनपद में भी तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत 10 अगस्त से जनपद के सभी 16 ब्लॉक व नगरीय क्षेत्रों में एमडीए राउंडसंचालित किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि फाइलेरिया वाहक मच्छर क्यूलेक्स के काटने के बाद इसके लक्षण पांच से 15 साल के बाद दिखाई देते हैं। इसलिए एक साल से ऊपर के सभी बच्चों, किशोर-किशोरियों, वयस्कों, वृद्धजनों को फाइलेरिया से बचाव की दवा जरूर खानी चाहिए। यह दवा स्वास्थ्य कर्मियों और आशा कार्यकताओं के द्वारा घर-घर जाकर खिलाई जाएगी। स्वास्थ्यकर्मी और आशा कार्यकर्ता यह दवा लोगों को अपने समक्ष खिलाएँगी। यह दवा खाली पेट नहीं खानी है। साथ ही यह दवा एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और गंभीर रूप से बीमारव्यक्तियों को नहीं खानी है। इस दवा के साल में एक बार और पांच साल लगातार सेवन करने से हम फाइलेरिया से सुरक्षित बन सकते हैं। इसके लिए जन सहभागिता की बेहद आवश्यकता है।

सीएमओ ने मीडिया के माध्यम से जनमानस से अपील की कि फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा का सेवन जरूर करें। कार्यशाला में सीएमओ ने अन्य मच्छर जनित संचारी रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि से बचाव के बारे में भीजानकारी दी। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ जेएन सिंह ने कहा कि एक बार फाइलेरिया हो जाने के बाद यह पूरी तरह से ठीक नहीं होता है। सभी से अपील है कि इस अभियान में सरकार का सहयोग करें। खुद दवा खाएं और अपने आस-पास के लोगों को भी दवा खाने के लिए प्रेरित करें।

### दवाओं का कोई विपरीत प्रभाव नहीं

डीएमओ मनोज कुमार ने कहा कि फाइलेरिया रोग से प्रभावित अंग के साफ-सफाई और व्यायाम से इसे सिर्फ नियंत्रित किया जा सकता है। इन दवाओं का सेवन खाली पेट नहीं करना है। यह दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। हालांकि इन दवाओं का कोई विपरीत प्रभाव नहीं है। फिर भी किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते है तो यह इस बात का प्रतीक हैं कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद हैं। ऐसे लक्षण इन दवाओं के सेवन के उपरांत शरीर के भीतर परजीवियों के मरने के कारण उत्पन्न होते हैं।

# जीआरपी ने यात्रा के दौरान सजग रहने का दिया संदेश

**केटी न्यूज/चंदौली**

डीडीयू रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के साथ कांवरियों की भीड़ को देखते हुए गुरुवार को राजकीय रेलवे पुलिस ने स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यात्रियों को यात्रा के दौरान सजग रहने के प्रति जागरूक किया गया।



स्थानीय रेलवे स्टेशन पर बाबा वैद्यनाथ के जलाभिषेक के लिए जाने वाले कांवरियों की भीड़ बढ़ गई है। वहीं ट्रेनों में पहले से यात्रियों की भीड़ है। कांवरियों को सुरक्षित ट्रेनों में चढ़ाया गया।इसको देखते हुए गुरुवार को जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने जांच अभियान चलाया। इस दौरान आठों प्लेटफार्म, यात्री हाल, वेटिंग हाल, रिजर्वेशन काउंटर, जनरल टिकट काउंटर, सकुर्लेटिंग एरिया, वाहन स्टैंड, पार्सल आफिस सहित स्टेशन के चप्पे चप्पे पर संदिग्ध वस्तुओं की जांच की गई। इस दौरान यात्रियों को यात्रा के दौरान सजग रहने, किसी संदिग्ध वस्तु के दिखने पर उसे हाथ न लगाने, इसकी सूचना पुलिस को देने का आह्वान किया। बाबा धाम जाने वाली डाउन फरक्का एक्सप्रेस, ब्रह्मपुत्र मेल, उपासना, विभूति एक्सप्रेस, पूर्वा, पंजाब मेल आदि ट्रेनों में कांवरियों को चढ़ाया गया। इस बाबत जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। वहीं कांवरियों को दिक्कत न हो इस पर भी विशेष नजर रखी जा रही है।

### पानी में खड़े होकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**चंदौली।** पड़ाव क्षेत्र के भोजपुर गांव में जल निकासी की समस्या व जर्जर होने के कारण नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार को जिला प्रशासन के खिलाफ हो हल्ला मचाया।वहीं चेताया कि अगर जल्द इस समस्या से निदान नहीं दिलाया गया तो हम लोग उग्र आंदोलन को वाध्य होंगे,जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। विकास खंड नियामताबाद के राजस्व गांव भोजपुर में गली में नाले का निर्माण न होने के कारण घरों का गंदा पानी गलियों में बह रहा है। जिसके कारण पूरी गली में जलजमाव हो गया है।इस गंदे पानी के इकट्ठा होने के कारण संक्रामक बीमारियों का भय सताने लगा है।वहीं इस गली में लोगों को आवागमन करनें में आयेदिन गिर कर चोटिल हो जा रहे हैं।स्कूली बच्चों को भी भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि इसकी शिकायत प्रतिनिधियों व अधिकारियों को बार बार अवगत कराने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुआ जिससे नाराज ग्रामीणों ने गली में खड़े होकर जिला प्रशासन के खिलाफ हो हल्ला मचा कर नारेबाजी भी की।

## चंदौली एसपी ने पुलिस लाइन में की समीक्षात्मक बैठक, कहा-

# थाने से बिना सुनवाई के कोई फरियादी वापस न जाए

**केटी न्यूज/चंदौली**

पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने गुरुवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में अपराध की समीक्षा की। जनसुनवाई को और अधिक प्रभावी बनाने तथा सभी अधिकारियों व थाना प्रभारियों को समय से कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया। कहा कि थाना स्तर पर कोई भी फरियादी बिना सुनवाई के वापस न जाए। थाने पर रखे आगंतुक रजिस्टर में सभी का विवरण अपडेट रखने का निर्देश दिया।

एसपी ने कहा कि शिकायतकर्ता को शिकायत से संबंधित रसीद प्रदान की जाए। हेल्प डेस्क पर कार्यरत कर्मी की ओर से शिकायतकर्ता से समस्या, शिकायत निस्तारण के विषय में फीड बैक लिया जाए। यदि शिकायतकर्ता कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है तो उसकी शिकायत को पुनर्जीवित कर पुनः जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। आइजीआरएस व जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के डिफाल्टर से पूर्व की स्थिति में समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी संबंधित को सख्त निर्देश दिया। कहा कि लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारी व पुलिस कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। टाप टेन सूची में शामिल आरोपितों की सतत निगरानी व उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अपराधियों की निगरानी के लिए एक अपराधी एक आरक्षी को नियुक्त कर निगरानी सुनिश्चित करें। किसी भी परिस्थिति में सार्वजनिक मार्गों पर अवरोध अथवा बाधित कर विरोध प्रदर्शन न होने दिया जाए। यूपी 112 पर प्राप्त सूचनाओं को पीआरवी वाहनों की ओर से तत्काल मौके पर पहुंचकर समयबद्ध निस्तारण करने की हिदायत दी।



एसपी ने बिना नंबर प्लेट व त्रुटिपूर्ण नंबर प्लेट लगे वाहनों की सघन चेकिंग व चालान की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाना सुनिश्चित करें। थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में कार्यरत पुलिसकर्मियों को 10 दिवस कर्तव्य निर्वहन के उपरांत एक दिवस अर्थात 24 घंटे का रेस्ट प्रदान किया जाए। इस अवधि में उक्त कर्मी अपने नियुक्ति स्थल पर ही उपस्थित रहेगा।









### जिलाधिकारी ने की मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

# मऊ जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर बनाने का काम जल्द पूरा करें: डीएम

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा कार्यों, निराश्रित गोवंश संरक्षण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पंचायती राज विभाग के कार्यों सहित पौधरोपण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान डीसी मनरेगा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अगस्त तक के मानव सृजन दिवस के लक्ष्य 33 लाख 61 हजार 203 के सापेक्ष अब तक 21 लाख 20 हजार 614 मानव दिवस सृजित किए गए हैं, जो कुल लक्ष्य के सापेक्ष 134 प्रतिशत है। इसके अलावा आधार सीडिंग का कार्य भी 99.68 प्रतिशत हो चुका है। परंतु मनरेगा के तहत कार्यरत मजदूरों का खातों से आधार लिंक अभी लगभग 67 प्रतिशत है।



समय से भुगतान में जनपद का प्रदेश में आठवीं रैंक है।जिलाधिकारी ने मनरेगा के तहत कार्यरत मजदूरों के आधार को उनके खातों से लिंक कराने हेतु बैंकों से समन्वय स्थापित कर इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। जल संरक्षण हेतु सभी विकास खंडों में खंड विकास अधिकारियों द्वारा तालाब खुदवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर बनाए जाने के कड़े निर्देश दिए गए। खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा लापरवाही पर उनके खिलाफ आरोप पत्र देने के निर्देश जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को दिए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गांवों में निर्मित समूहो द्वारा किए जाने जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने डीसी एनआरएलएम को सामान्य कार्यों के अलावा विशेष प्रकार के कार्यों पर भी फोकस करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)की समीक्षा के दौरान परियोजना निदेशक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अभी तक कोई लक्ष्य प्राप्त नहीं है। वित्तीय वर्ष 22-23 के कुल लक्ष्य 7891 के सापेक्ष अब तक 7891 आवासों को स्वीकृत किया गया है, जिसमें 7872 लाभार्थियों के खातों में प्रथम किश्त, 7680 लाभार्थियों के खातों में द्वितीय तथा 5509 लाभार्थियों के खाते में तृतीय किश्त स्थानांतरित की जा चुकी है। अब तक कुल 6062 आवास पूर्ण हो चुके हैं।

#### पंचायत भवनों के निर्माण में लाएं तेजी

मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 22 23 का कुल लक्ष्य 723 है अब तक स्वीकृत आवाज 723 हो चुके हैं। प्रथम किस्त 722 लाभार्थियों के खाते में स्थानांतरित कर दी गई है द्वितीय किस्त 719 लाभार्थियों के खाते में तृतीय किस्त 693 लाभार्थियों के खाते में स्थानांतरित होकर कुल 697 आवास पूर्ण हो चुके हैं। पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अभी भी समस्त व्यक्तिगत शौचालयों के सत्यापन न होने एवं लाभार्थियों के खातों में धनराशि प्रेषित न किए जाने पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को सत्यापन कार्य पूर्ण करते हुए लाभार्थियों के खातों में धनराशि प्रेषित करने के निर्देश दिए। सामुदायिक शौचालय एवं पंचायत भवनों के कुछ निर्माण कार्य अभी भी अवशेष पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कार्यों में तेजी लाते हुए शीघ्र ही इसे पूर्ण करने के निर्देश दिए।




### शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य शुरू

**मऊ।** डीजीपी के निर्देश पर मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के 29 स्थानों पर जन सहयोग एवं अपराधों की रोकथाम हेतु सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु एक समिति बनाकर कार्य कराया जा रहा है। इस बाबत सीसीटीएनएस प्रभारी अब्दुल रब ने बताया कि सराफा की दुकान, मोबाइल टावर, पेट्रोल पंप, कॉलेज, अस्पताल नर्सिंग होम, बैंक ग्राहक सेवा केंद्र, जन सेवा केंद्र, मंदिर, मस्जिद, होटल ढाबा, शराब की समस्त दुकाने, व्यवसायिक प्रतिष्ठान फैक्ट्री, माल शोरूम, मैरिज हॉल, बैंक्विट हॉल, चौराहा, तिराहा, बस स्टैंड, टेंपो टैक्सी स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पार्क अथवा आसपास के सुनसान स्थान एवं डार्क स्पॉट आदि स्थानों पर सीसीटीवी लगाने की कवायद शुरू हो गई है।

## शराब के अवैध निर्माण व भंडारण के खिलाफ चलाया गया विशेष अभियान

**केटी न्यूज/मऊ**

शराब के अवैध निर्माण, बिक्री परिवहन भंडारण के विरुद्ध आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश तथा जिलाधिकारी अरुण कुमार एवं संयुक्त आबकारी आयुक्त गोरखपुर प्रभार गोरखपुर उप आबकारी आयुक्त आजमगढ़ एवं जिला आबकारी अधिकारी मोहम्मद असलम के निर्देशन में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है।



जिसके तहत गुरुवार को आबकारी निरीक्षक विमलेश यादव, बजरंगी चौरसिया आदि टीम के लोगों द्वारा तहसील की ग्राम कमाल सैनपुर करहा एवं चिरैयाकोट में आबकारी विभाग की टीम द्वारा विभिन्न ईट भट्टों पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान कहीं किसी भी स्थान पर अवैध अथवा कोई भी उपकरण नहीं मिले। छापामारी के दौरान टीम द्वारा देसी विदेशी एवं बीयर की दुकानों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लाइसेंसियों को निर्देश दिया गया कि कहीं भी अगर ओवर रेटिंग करते हुए शराब की बिक्री की गई तो निश्चित रूप से कठोर कार्रवाई की जाएगी। अचानक छापामारी को लेकर शराब के दुकानदारों में अफरा-तफरी मची रही।

### मतदेय स्थलों के संभाजन को ले विमर्श

**मऊ।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों का सम्भाजन अधिकतम 1500 मतदाताओं के आधार पर करने के निर्देश भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए हैं। जिसके संबंध में समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की गई कि संबंधित विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मतदेय स्थलों पर बीएलए की नियुक्ति कर लें। जिससे निर्वाचन के समय किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। बैठक के दौरान भाजपा के नूपुर अग्रवाल, बसपा के राज विजय, सपा के रामधनी चौहान, कांग्रेश सुरेश चंद, राष्ट्रीय लोक दल जकरिया सहित समस्त उप जिलाधिकारी उपस्थित रहे।







